nt>

Title: Need to set up a Railway spare-parts factory at Godhara (Barauni) in North Bihar. − Laid.

**श्री सूरज सिंह (बलिया, बिहार) :** अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत गड़हारा स्थित रेलवे की हजारों एकड़ खाली पड़ी जमीन की ओर सदन के माध्यम से माननीय रेल मंत्री का ध्यान आकृट कराना चाहता हूं कि बिहार विभाजन के बाद उत्तर बिहार का गड़हारा ( बरौनी) एकमात्र ऐसा स्थल है, जहां औद्योगिक वाता वरण, सुगम संचार, परिवहन एवं विद्युत व्यवस्था उपलब्ध है। पूर्व में इस खाली पड़ी जमीन के उपयोग एवं क्षेत्र के समुचित विकास हेतु एक कल-पुर्जा कारखाना स्थापित करने का प्रस्ताव भी रेल बजट में शामिल किया गया था।

सदन के माध्यम से मेरा आग्रह है कि उत्तर बिहार की इस औद्योगिक नगरी, गड़हारा ( बरौनी) के इस विशाल खाली पड़ी जमीन पर एक अविलम्ब रेल कल-पुर्जा निर्माण कारखाना स्थापित किया जाये ताकि इस क्षेत्र का समुचित विकास हो सके एवं रेल सम्पत्ति का समुचित उपयोग रेल हित, राज्य हित एवं राट्र हित में हो।

____________________